फुटबॉल | अंडर-15 स्टेट यूथ लीग फुटबॉल प्रतियोगिता

# मंडला और जबलपुर के बीच होगी खिताबी भिड़ंत



**नवभारत, जबलपुर 16 अप्रैल।** मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित अंडर-15 स्टेट यूथ लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत आज दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए।

पहला सेमीफाइनल नर्मदा वैली मंडला और सतना सोल्जर सतना के बीच खेला गया। इस एकतरफा मुकाबले में नर्मदा वैली मंडला ने पहले हाफ में 4 गोल और दूसरे हाफ में 3 गोल कर 7-0 से जीत दर्ज की और फाइनल में प्रवेश किया।

### निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर रहीं

दूसरा सेमीफाइनल स्टेमफील्ड फुटबॉल क्लब जबलपुर और मदन महाराज भोपाल के बीच खेला गया। यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा। पहले हाफ के 39वें मिनट में मदन महाराज स्रष्ट ने गोल कर 1-0 की बढ़त बनाई। स्टंमफील्ड जबलपुर ने लगातार प्रयास किए, लेकिन गोल नहीं हो सका। अतिरिक्त समय में स्टेमफील्ड ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

### ये रहे निर्णायक

मैचों के रेफरी ज्वाला डहरवाल बालाघाट, पलक इटारसी, गोविंद परमार इंदौर, राहुल मऊ, वंदना यादव नरसिंहपुर, एंजल सिंह बालाघाट तथा मैच कमिश्नर दीपक परदेसी होशंगाबाद रहे। रेफरी असेसर जवाहर श्रीवास जबलपुर रहे।

### सडन डेथ से हुआ फैसला

फैसला टाई-ब्रेकर में हुआ, जहां पेनल्टी शूटआउट में 4-4 की बराबरी के बाद सडन डेथ का सहारा लिया गया। अंततः स्टेमफील्ड जबलपुर ने 6-5 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता की विजेता टीम अखिल भारतीय फुटबाल संघ द्वारा आयोजित यूथ फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी। फाइनल मैच शुक्रवार को प्रातः 7.30 बजे से शिवाजी मैदान में खेला जाएगा।




# किक बॉक्सिंग में हाईस्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**नवभारत, जबलपुर।** जिला स्तर पर आयोजित किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता का आयोजन किकबॉक्सिंग संगठन द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न संस्थानों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यालय की ओर से कुल 5 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कोच नरेंद्र सोनकर के मार्गदर्शन में 2 विद्यार्थियों वैदही श्रीवास कक्षा 7वीं, निखिल सोनकर कक्षा 7वीं ने स्वर्ण पदक तथा 3 विद्यार्थियों आदित्य कुमार प्रजापति कक्षा आठवीं, अर्पित चौधरी कक्षा दसवीं, संस्कार सेन कक्षा पांचवीं ने रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

### विद्यार्थियों का बढ़ाया मनोबल

विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि के कारण विद्यालय को भी चैंपियनशिप में ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस सफलता ने न केवल विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि विद्यालय की खेल गतिविधियों को भी नई दिशा दी है। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा जताई है।



# बॉडी बिल्डर आनंद तिवारी को किया सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर 16 अप्रैल।** मध्यप्रदेश अमेच्योर शरीर सौष्ठव संघ के कर्मठ एवं जुझारू सदस्य एवं बॉडी बिल्डर पूर्व मध्यप्रदेश कुमार आनंद तिवारी का सम्मान मध्यप्रदेश अमेच्योर शरीर सौष्ठव संघ के अध्यक्ष सुमित कालिया एवं महासचिव डॉ राकेश तिवारी द्वारा गोरखपुर रतन कॉलोनी स्थित फीनिक्स पोल्ट्री के ऑफिस में किया गया।

इस अवसर पर जिला संघ के सचिव सचिन यादव एवं नेशनल रेफरी शकील अनवर उपस्थित थे। स्वागत कार्यक्रम में जिला संघ के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, संरक्षक बीके पाठक, अशोक कपूर, अरविंद डहाके, जीएस चौहान, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ. प्रशांत मिश्रा, अवधेश यादव, लखन नायक, इंद्रपाल सिंग गोगी, सपन रॉय, अमित सोनकर, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, लारेंस मार्टिन, दीनू स्वामी, रॉक्सन सिंह आदि मौजूद रहे।

# 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 से

▶ एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 1 मई से 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में किया जाएगा। इस शिविर में विद्युत कंपनियों के कर्मचारियों के बच्चों सहित उनके आश्रित बच्चे भी भाग ले सकेंगे। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एफ.के. मेश्राम ने बताया कि शिविर में अनुभवी प्रशिक्षक प्रशिक्षण देंगे। इच्छुक प्रतिभागी पाण्डुताल मैदान के पास मशाल परिसर स्थित परिषद कार्यालय से प्रातः 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आवेदन प्राप्त कर सकते हैं।

### 13 खेलों का मिलेगा प्रशिक्षण

शिविर में कुल 13 खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिनमें क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस (8-16 वर्ष), वॉलीबॉल (10-16 वर्ष), शरीर सौष्ठव एवं फिजिकल फिटनेस (12-16 वर्ष), स्केटिंग (8-14 वर्ष), मार्शल आर्ट ताइक्वांडो (16 वर्ष तक) और कुश्ती (8-16 वर्ष) शामिल हैं। इसके अलावा 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के लिए शूटिंग तथा बालिकाओं के लिए एरोबिक्स प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही योग प्रशिक्षण भी अलग से दिया जाएगा।

# जबलपुर संभाग की अंडर-22 क्रिकेट टीम घोषित

18 से शुरू होने वाली संभागीय प्रतियोगिता के पहले दो मैचों के लिए टीम चयनित




**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के सचिव सुशील रजक के अनुसार मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा बालक वर्ग अंडर-22 की संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों का चयन कर लिया गया है। यह प्रतियोगिता 18 अप्रैल 2026 से ग्वालियर संभाग में आयोजित होगी। पहले दो मैचों के लिए घोषित टीम में वरुण तिवारी (कप्तान), अलंकृत सिंह, अंचित ठाकुर (छिंदवाड़ा), लिखित एल.एन., पूर्णांक राव पवार, मयंकेश सिंह, यश यादव, अमनप्रीत सिंह, मृदुल शुक्ला, अर्थव यादव (डिंडोरी), नवांकुर झा (डिंडोरी), अमित राजपूत, अनुराग पटेल (कटनी), अभिनव दुबे (कटनी) और अथर्व चौधरी शामिल हैं। टीम के कोच हिमांशु लालवानी, मैनेजर छत्रपाल सिंह मरकाम और ट्रेनर राहुल देवसन होंगे।



# फिजिक्सवाला के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

कई छात्रों ने प्राप्त किए पूर्ण अंक, हुआ सम्मान समारोह

**नवभारत, जबलपुर।** फिजिक्सवाला (पीडब्लू) के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। जबलपुर स्थित पीडब्लू विद्यापीठ में आयोजित सम्मान समारोह में शहर के मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें वेद गुप्ता (98.60%), हर्ष हल्दकर (97.60%) और अर्चना जोगलेकर (97.60%) शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अभ्यास, पुनरावृत्ति और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। वहीं, फिजिक्सवाला के संस्थापक एवं सीईओ अलख पांडे ने छात्रों की मेहनत और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# ऑपरेटिंग, कमर्शियल और आरपीएफ टीमों ने दर्ज की धमाकेदार जीत



▶ एआईआरएफ डब्लूसीआरईयू द्वारा आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता

**नवभारत, जबलपुर,** । एआईआरएफ डब्लूसीआरईयू द्वारा आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें दिन बुधवार को रोमांचक मुकाबलों का आयोजन हुआ। मैदान पर खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बीच ऑपरेटिंग, कमर्शियल, आरपीएफ और ईएनजी डीआईवी की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। बुधवार को खेले गए पहला मैच आरपीएफ और ईएनजी एचक्यू के बीच हुआ जिसमे ईएनजी ने 103 रन बनाए। जवाब में आरपीएफ टीम की ओर से धर्मेंद्र पटेल की 60 रनों की तूफानी पारी की बदौलत मात्र 7 ओवर में लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। वही दूसरा मैच ईएनजी दीव और मैकेनिकल एनकेजे के बीच हुआ जिसमे इएनजी दिव के 90 रनों के सामने मैकेनिकल एनकेजे की टीम 10 ओवरों में केवल 48 रन ही बना सकी। वही शिवम ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच बने। बता दे कि तीसरा मैच कमर्शियल और धुरंधर 11 के बीच हुआ जिसमे कमर्शियल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 136 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। धुरंधर 11 की टीम 107 रन ही बना पाई। ब्रजेश (42 रन) को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंत में चौथा मैच ऑपरेटिंग बनाम टीआरएस एनकेजे के बीच हुआ जिसमे ऑपरेटिंग ने 97 रनों का लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करते हुए टीआरएस एनकेजे की टीम 10 ओवर में 80 रन ही बना सकी। वही मोहित को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

### दिए गए पुरस्कार

मैच के उपरांत खिलाड़ियों को पुरस्कार मंडल अध्यक्ष बी.एन. शुक्ला, मंडल सचिव रोमेश मिश्रा, एसीएम गुन्नार सिंह, प्रहलाद सिंह, गणेश श्रीवास्तव, नीरज सिंह, रवि रोशन, त्रिलोक नायडू, रणवीर सिंह, हसन अली, अजय गोस्वामी और अन्य पदाधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए। वही एसीएम गुन्नार सिंह ने कहा कि कार्य के दबाव के बीच ऐसे आयोजन कर्मचारियों की मानसिक थकान कम करते हैं और नई ऊर्जा भरते हैं। इसके साथ ही बी.एन. शुक्ला एवं रोमेश मिश्रा ने पदाधिकारियों से कहा कि यूनियन सदैव कर्मचारी हितों के लिए समर्पित है। उन्होंने खिलाड़ियों के खेल की प्रशंसा करते हुए घोषणा की कि अगले वर्ष इस प्रतियोगिता को और भी भव्य रूप दिया जाएगा।


**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशनुसार आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी श्री सुभाष पटेल उर्फ मनीष कुमार पटेल पिता स्व. जगदेव पटेल निवासी मकान नंबर 362 गोहलपुर तहसील अधारताल जिला जबलपुर म.प्र. के स्वामित्व की संपत्ति ग्राम लीटी, पटवारी हल्का नंबर 06 नया 13 पटवारी हल्का नंबर लीटी 00113 राजस्व निरीक्षक मंडल पनागर तहसील पनागर जिला जबलपुर स्थित खसरा नंबर 113 रकवा 0.0800 हेक्टेयर एवं ग्राम उमरिया स्थित भूमि पटवारी हल्का नंबर 06 नया 13 पटवारी हल्का लीटी 0.0113 राजस्व निरीक्षक मंडल पनागर में स्थित खसरा नंबर 07 कुल रकवा 0.2800 हेक्टेयर में से 0.0200 हेक्टेयर भूमि इस तरह दोनों खसरों का कुल रकवा 0.1000 हेक्टेयर है अर्थात 24.7 डिस्मिल भूमि जो कि मुख्यमार्ग से हटकर उपमार्ग पर स्थित है को क्रय किये जाने का सौदा किया गया है जिसका निकट भविष्य में पंजीयन होना शेष है अतः जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, नाते रिश्तेदारों को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। निधारित समयावधि पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी और मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति की रजिस्ट्री बैनाम अपने नाम करा लेगा। जबलपुर दिनांक 17.04.2026 भवदीय-

**गौरव पटेल एड.**
पता- प्रोफेसर कॉलोनी, सुहागी अधारताल
जबलपुर- 7828789770


पहल | अयोध्यावासी महिला मंडल द्वारा पक्षी संरक्षण का संदेश लेकर सजी सकोरा प्रतियोगिता

# पक्षी हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा, उनके लिए पानी और दाना रखना हमारा नैतिक कर्तव्य



**नवभारत, जबलपुर।** भंवरताल पार्क में अयोध्यावासी महिला मंडल द्वारा समाज की महिलाओं एवं बच्चों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पक्षी संरक्षण एवं 'सकोरा प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और विलुप्त होती गौरेया जैसी पक्षी प्रजातियों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में सुवर्का अर्थ सुषमा ने कहा पक्षी हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इस भीषण गर्मी में उनके लिए पानी और दाना रखना हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने आगे कहा कि बदलते मौसम और बढ़ते तापमान में पक्षियों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष भावना सुस्त ने बताया 'हम इस प्रतियोगिता के माध्यम से समाज को यह संदेश देना चाहते हैं कि तेजी से विलुप्त हो रही गौरेया और अन्य पक्षियों को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। बच्चों और महिलाओं ने बहुत सुंदर सकोरे बनाए हैं।

### पक्षी संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता

संस्था की सचिव अपर्णा गुप्ता ने कहा पंछी प्रकृति की सबसे सुंदर रचनाओं में से एक हैं। उनकी चहचहाहट सुबह को संगीतमय बनाती है और रंग-बिरंगे पंख वातावरण की शोभा बढ़ाते हैं। लेकिन बढ़ते शहरीकरण, पेड़ों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण कई प्रजातियां संकट में हैं। इसलिए पक्षी संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### रचनात्मक 'सकोरों' से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

प्रतियोगिता में महिलाओं और बच्चों ने सुंदर और आकर्षक 'सको रे' (पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने की संरचनाएं) बनाकर प्रदर्शित किए। प्रतिभागियों की रचनात्मकता और संदेश देने की भावना ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

### महिलाओं और बच्चों की सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम में समाज की महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में पूर्णिमा, शैलजा, भावना, अपर्णा, निधि बल, आभा और सपना का विशेष सहयोग रहा। सभी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### इनका कहना है



हमने पहली बार इस तरह का सकोरा बनाया है। इसे बनाते समय हमें समझ आया कि छोटे-छोटे प्रयास भी पक्षियों की जान बचा सकते हैं।

**अपर्णा**



बच्चों के साथ मिलकर काम करना बहुत अच्छा अनुभव रहा। इससे उनमें भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

**शैलजा**



इस कार्यक्रम ने हमें प्रकृति के प्रति और अधिक जिम्मेदार बना दिया है। अब हम अपने घरों में भी पक्षियों के लिए पानी रखेंगे।

**पूर्णिमा**



यह आयोजन सिर्फ प्रतियोगिता नहीं बल्कि एक सामाजिक संदेश है कि हम प्रकृति के बिना अधूरे हैं।

**पूजा**


**OFFICE OF THE SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI JABALPUR DIST. JABALPUR**

N.I.T. No/Nirman/2026-27/N-35 **Notice Inviting Tender** JABALPUR dated: 16.04.2026

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for CONSTRUCTION OF WBM CUM C.C.ROAD AROUND CLEANING GRADING AND PACKAGING AREA AT MANDI YARD JABALPUR DISTT JABALPUR Tender Number: 2026_MPSAM_500813_1 (PAC amount Rs. 65.88 Lakhs). The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 07.05.2026. Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the https://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in.

**Note:-** Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in

Secretary
Krishi Upaj mandi Samitti Jabalpur Distt.Jabalpur

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**

लोककर्म विभाग //निविदा आमंत्रण सूचना//

N.I.T.No./PWD/2025-26/04/E-tendering/PRO-79 Date : 16/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_500532_1 16/04/2026 | संभाग क्रमांक-04 नरसिंह वार्ड अंतर्गत महेशपुर बस्ती में सड़क एवं कवर्ड आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (महापौर अनुशंसा) | 04 माह ₹.20.41 | 5000/- 15310/- | 15/05/2026 |
| 2. | 2026_UAD_500532_2 16/04/2026 | संभाग क्रमांक-04 नरसिंह वार्ड अंतर्गत बढ़ई मोहल्ला में सड़क एवं कवर्ड आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (महापौर अनुशंसा) | 04 माह ₹.41.71 | 5000/- 31290/- | 15/05/2026 |
| 3. | 2026_UAD_500532_3 16/04/2026 | संभाग क्रमांक-04 नरसिंह वार्ड अंतर्गत महेशपुर क्षेत्र में राजुल अपार्टमेंट के पीछे सड़क एवं कवर्ड आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य।(महापौर अनुशंसा) | 04 माह ₹.20.77 | 5000/- 15580/- | 15/05/2026 |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर